an>

Title: Need to ensure unhindered movement of vehicles carrying pilgrims visiting the Chitrakoot Dham area.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा)**ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत चित्रकूट धाम आता है जो देश का प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है। यह तीर्थ स्थल प्रदेश व उत्तर प्रदेश दोनों की सीमाओं में बंटा है। आधे तीर्थस्थल व पर्यटन स्थल उत्तर प्रदेश की सीमाओं में हैं और आधे केवल मध्य प्रदेश की सीमा के अन्तर्गत हैं जो भी यात्री वाहनों द्वारा आते हैं वहॉं उन्हें उनकी प्रदेश की सीमा खत्म हो जाने की बात कहकर रोक दिया जाता है। फलस्वरूप तीर्थयात्रियों को बा दूसरे प्रान्त की सीमा के अन्दर स्थित तीर्थों व पर्यटन स्थलों तक पहुचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार से विकास कार्य एवं कानून व्यवस्था की स्थिति के लिए भी दोनों प्रान्तों की सीमा का हवाला दिया जाता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पूरे चित्रकूट धाम क्षेत्र को आवागमन के लिए फ्री जोन घोषित कर दोनों राज्य सरकारें द्वारा एक संयुक्त कार्य बल इस हेतु नियुक्त किया जाए।